हिन्दुस्तान

### यूपी सरकार और कंसल्टेंट एजेंसी 'डेलॉयट इंडिया' के बीच प्रदेश को वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हुआ अनुबंध

# सीएम योगी ने दिया यूपी फॉर ग्लोबल का मंत्र

**लक्ष्य**

लखनऊ विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश के लिए 'यूपी फ़ॉर यूपी, यूपी फ़ॉर इंडिया, यूपी फ़ॉर ग्लोबल की परिकल्पना दी। सीएम ने कहा है कि अब समय उत्तर प्रदेश का है। अपने पोटेंशियल का पूरा लाभ उठाते हुए उत्तर प्रदेश देश के बहुआयामी विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनेगा। उन्होंने कहा डेलॉयट इंडिया को 90 दिन में पूरी रिपोर्ट पेश करे और योजना बनाते वक्त यह ध्यान में रखा जाए कि क्षेत्रवार विकास की योजनाएं बनाई जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को $ 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के साथ सबका साथ-सबका विकास की नीति का मानक बनेगा। $1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के बड़े लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में एक अहम रणनीतिक प्रयास करते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर विश्व प्रसिद्ध कंसल्टेंट एजेंसी 'डेलॉयट इंडिया' और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच अनुबंध पत्र हस्ताक्षरित हुए।



- डेलॉयट को 90 दिन में रिपोर्ट देनी होगी
- यूपी के हर क्षेत्र के लिए बनाई जाएगी योजना

मुख्यमंत्री की मौजूदगी में शुक्रवार को डेलॉयट के साथ करार हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की समृद्धि के लिए सरकार ने डेलॉयट इंडिया को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। अनुबंध के इस ऐतिहासिक अवसर पर डेलॉयट इंडिया को मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि अगले 90 दिनों के भीतर डेलॉयट इंडिया संस्था अद्यतन स्थिति के अनुसार सेक्टरवार अध्ययन करते हुए गहन विवेचना के साथ कार्ययोजना प्रस्तुत करे। कहा कि कोरोना काल को छोड़ दें तो हमारे पास मात्र तीन वर्ष ही मिले थे। बावजूद इसके इन तीन वर्षों में अर्थव्यवस्था को दोगुना करने में हमने सफ़लता पाई है। अगर हम ऐसा कर सकते हैं तो पांच वर्ष में $1ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य भी जरूर सफल होगा। कहा कि विकास में क्षेत्रीय असंतुलन न हो। हर क्षेत्र में हर वर्ग को प्रदेश की तरक्की का सीधा लाभ मिलना चाहिए।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' का नारा दिया है। उत्तर प्रदेश ने इसे आत्मसात किया है। इस बड़े अभियान को आगे बढ़ाते हुए हमें 'मेक इन रूरल इंडिया' की भावना के अनुरूप विस्तार देना होगा। आईटी आईटीईएस, डेटा सेंटर, पर्यटन सेक्टर, एमएसएमई, कृषि, शिक्षा और कौशल विकास, फ़ूड प्रोसेसिंग, पॉवर जैसे सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि डेलॉयट इंडिया के वैश्विक अनुभवों के लाभ हमें मिलेगा। हर प्रदेशवासी अपना सहयोग देने को तत्पर है। सभी के सहयोग से उत्तर प्रदेश को $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने का हमारा साझा संकल्प अवश्य साकार होगा।

## विकास में कनेक्टिविटी अहम

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास की गति को तेज करने में कनेक्टिविटी का बड़ा योगदान है। इस लिहाज से प्रदेश में एक्सप्रेसवे का निर्माण और अधिकाधिक शहरों को हवाई सेवाओं से जोड़ा जा रहा है।

**अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट से जल्द शुरू होगी हवाई सेवा** :मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जल्द अलीगढ़, आज़मगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती और सोनभद्र से हवाई सेवा की शुरुआत हो जाएगी। सीएम ने सकारात्मक सहयोग के लिए केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति आभार भी जताया। वह कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े थे।

**कंपनी के लिए ऐतिहासिक दिन: भास्करन** :एयर एशिया के सीईओ और एमडी सुनील भास्करन ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य मंत्री वीके सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हुए लखनऊ से सेवा शुरू करने को ऐतिहासिक करार दिया।

भास्करन ने बताया कि लखनऊ से एयर एशिया की आठ फ्लाइट उपलब्ध होंगी।

## मुख्यमंत्री दो दिन दिल्ली रहेंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार और रविवार को दिल्ली में रहेंगे।

इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा योजना के मद्देनज़र बुलाई गई बैठक में हिस्सा लेंगे। साथ ही वह दिल्ली में बुलाई गई नीति आयोग की बैठक में भी शामिल होंगे। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ अपने आवास पर तैयारी बैठक की। नीति आयोग की बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।